कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा-I) जयपुर राजस्थान

क्रमांक: जी.डी.-I/ले.प.I/नीलामी/F6-11011/K-299/19/2026-27/RJ/73/ दिनांक: 22/10/2026

निविदा आमंत्रण-पत्र/Invitation for Tender

कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा-I) राजस्थान, जयपुर द्वारा पुराने फर्नीचर (लोहे व लकडी), ठण्डा-गरम भण्डार, विविध भण्डार के इलेक्ट्रीकल्स व इलेक्ट्रोनिक उपकरण इत्यादि अप्रचलित/नकारा सामग्री **"जहाँ हैं जैसे हैं"** के आधार पर नीलामी हेतु संलग्न प्रपत्र में दर्शायी गई शर्तों पर निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

The Office of the Accountant General (Audit-I), Rajasthan, Jaipur invites tenders for the auction of old furniture (iron and wooden), cold-hot storage, electricals and electronic equipment of miscellaneous stores, etc., obsolete/unserviceable materials on an "as is where is" basis, on the terms and conditions indicated in the enclosed form.

उक्त निविदा में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति या फर्म द्वारा अपनी निविदायें फर्म के लेटरहेड पर मुहर सहित दिनाँक 16.11.2026 को शाम 05:00 बजे तक वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/जी.डी.-I के नाम प्रस्तुत की जानी हैं। इसके पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।

The Persons or firms interested in participating in the said tender are required to submit their tenders on the firm's letterhead with seal by 05:00 PM on 16.11.2026 to the Sr. Audit Officer/G.D.-I. Tenders received thereafter will not be considered.

निविदा के साथ धरोहर राशि के रूप में राशि रू.23,600/- का, Sr. AO/Cash, O/o The AG (Audit-I) Rajasthan, Jaipur के नाम देय बैंकर्स चैक/डी.डी. जमा करवाया जाना आवश्यक है।

Along with the tender, it is mandatory to deposit an earnest money of Rs.23,600/- in the form of a Banker's Cheque/DD payable to Sr. AO/Cash, O/o The AG (Audit-I) Rajasthan, Jaipur.

नीलामी योग्य सामग्री दिनाँक 26.10.2026 से 14.11.2026 तक दोपहर 03:00 बजे से 05:00 बजे तक कार्यालय समय में देखी जा सकती हैं। इस निविदा प्रक्रिया में भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग के सदस्य एवं उनके परिजन भाग लेने के पात्र नहीं होंगे ।

The auctionable material can be inspected from 26.10.2026 to 14.11.2026 from 03:00 PM to 05:00 PM during office hours. Members of the Indian Audit and Accounts Department and their family members shall not be eligible to participate in this tender process.

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय की वेबसाइट www.agraj.cag.gov.in पर भी देख सकते हैं।

For more information, the office website www.agraj.cag.gov.in may also be visited.

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी
जी.डी.-I
Tel.:-0141-2385431, EXT-301

नीलामी की शर्तें निम्नानुसार है:-

1. पुराने फर्नीचर (लोहे व लकड़ी), विविध भण्डार एवं इलेक्ट्रीकल्स व इलेक्ट्रोनिक उपकरण इत्यादि अप्रचलित सामग्री: "**जहाँ हैं जैसे हैं**", के आधार पर नीलामी की जावेगी।
2. निविदा के साथ धरोहर राशि के रूप में राशि रू.23,600/- का, Sr. AO/Cash, O/o The AG (Audit-I) Rajasthan, Jaipur के नाम देय बैंकर्स चैक/डी.डी. जमा करवाया जाना आवश्यक है। जो कि सफल बोलीदाता घोषित होने पर असफल बोलीदाताओं को वापस लौटा दी जावेगी I
3. सफल बोलीदाता को निविदा राशि के 25 प्रतिशत राशि उसी दिन तथा शेष राशि 2 दिवस के भीतर राजकीय कोष में जमा करवानी होगी।
4. निविदा मूल्य आरक्षित मूल्य से कम होने पर समिति द्वारा आरक्षित मूल्य के संबंध में पुनर्मूल्यांकन किया जा सकता है जो सभी को मान्य होगा।
5. नीलामी राशि के पूर्ण भुगतान के पश्चात सामग्री सुपुर्द की जावेगी तथा सामग्री हटाने के आदेश जारी करने के उपरांत सामग्री कार्यालय से तुरंत प्रभाव से हटाया जाना आवश्यक होगा, यदि नीलाम हुई सामग्री 07 दिवस के भीतर कार्यालय परिसर से हटायी जानी आवश्यक हैं अन्यथा अमानत राशि को जब्त या राशि रुपये 2000/- प्रतिदिन की दर से शास्ति के रूप में अमानत राशि में से आरोपित की जा सकती हैं जो अधिकतम धरोहर राशि के बराबर होगी I
6. हटायी गई सामग्री के स्थान की सफाई की जिम्मेदारी फर्म की होगी अन्यथा नियमानुसार सफाई का चार्ज अमानत राशि में से काट लिया जावेगा।
7. इस सम्बन्ध में लागू जी.एस.टी. की राशि क्रेता द्वारा राजकोष में जमा करवाई जावेगी एवं इसकी रसीद कार्यालय को प्रस्तुत करनी होगी तथा इसके अतिरिक्त भी यदि कोई कर/प्रभार देय होता है तो उसे क्रेता द्वारा वहन किया जायेगा I
8. कार्यालयध्यक्ष को निविदा प्रक्रिया को बिना कारण बताये अस्वीकार एवं निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
9. यदि किसी मामले में कोई विरोधाभास होने पर कार्यालयध्यक्ष का निर्णय सर्वमान्य होगा।
10. इस प्रकरण में कोई विवाद होने पर न्यायक्षेत्र जयपुर रहेगा I
11. फर्म द्वारा उपरोक्त शर्तों के सम्बन्ध में अपनी स्वीकारोक्ति फर्म के लेटरहेड पर हस्ताक्षर (मय मोहर) कर प्रस्तुत करना होगा I
12. नीलामी योग्य सामग्री दिनाँक 26.10.2026 से 14.11.2026 तक दोपहर 03:00 बजे से 05:00 बजे तक कार्यालय समय में देखी जा सकती हैं।
13. इस निविदा प्रक्रिया में भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग के सदस्य एवं उनके परिजन भाग लेने के पात्र नहीं होंगे ।
14. उपरोक्त सामग्री में शामिल ई-वेस्ट योग्य सामग्री का, ई-वेस्ट द्वारा निस्तारण करने की जिम्मेदारी फर्म की होगी तथा फर्म को इसका प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/जी.डी.।

सेवा में,
वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/जी.डी.I
कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा-I) , जयपुर
राजस्थान

विषय : नीलामी हेतु अंतिम बोली प्रस्तुत करने बाबत ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आपके कार्यालय द्वारा आयोजित नीलामी प्रक्रिया में हमारी फर्म द्वारा सम्पूर्ण सामग्री देख ली गई है व निरीक्षण कर हमारी फर्म द्वारा मूल्य ..... अक्षरे राशि रूपये ..... प्रस्तुत किया जाता है ।

उपरोक्त नीलामी प्रक्रिया में आपके कार्यालय द्वारा दर्शाए गए नियम व शर्ते हमारी फर्म द्वारा स्वीकार्य है ।

Name of firm
(with seal and signature)